सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एन्वेयू ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२७

कक्षा:-7	विषय: हिंदी पाठ्यपुस्तक	पाठ:11 शिवाजी की बहन

मौखिक प्रश्न

(क) बाबूराव ने ऊपर वाली पहाड़ी पर चढ़कर शिवाजी को यह सूचना दी की एक पालकी को कंधों पर लादे ला रहे कहार और पालकी को घेर कर चल रहे चार मुगल सैनिक इधर की तरफ आ रहे हैं।

(ख) शिवाजी ने कहारों पर हमला करने की यह योजना बनाई कि उन्होंने अपने साथियों से कहा हम पाँच हैं और वे लोग आठ हैं। तुम अचानक ऊपर से कूद कर एक-एक सैनिक की गर्दन अपनी बाहों में जकड़ लेना और एक-एक कहार की गर्दन पर तलवार टिका कर सबको काबू में कर लेना। मैं पालकी में देखूँगा कि उसमें क्या रखा हुआ है?

(ग) पालकी का पर्दा उठाने के बाद शिवाजी चौंक कर पीछे इसलिए हट गए क्योंकि उसे पालकी के आधे हिस्से में धन दौलत भरी पड़ी थी और बाकी के आधे हिस्से में नौजवान दुल्हन बैठी थी।

(घ) शिवाजी ने पालकी में रखी दौलत को यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि शिवा अपनी कसम तोड़कर माता जीजाबाई के विश्वास को नहीं तोड़ेगा।

लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-

(क) शिवाजी और उनके सैनिक पहाड़ियों के पीछे छुपकर इसलिए बैठ गए क्योंकि उन्हें दूर से पालकी के साथ कहार आते हुए दिखाई पड़ रहे थे।

(ख) शिवाजी अपनी मां जीजाबाई के आदेश पर पालकी पर हमला करने से हिचकिचा जा रहे थे मुगल इस आदेश की आड़ में अपना धन और अस्त्र-शस्त्र इधर से उधर पहुंचा रहे थे।

(ग) परमात्मा आपकी भुजाओं में हमेशा ताकत बनकर बैठा रहे।

(घ) शिवाजी वीर ,बुद्धिमान तथा चरित्रवान राजा थे। वे किसी भी हाल में निर्दोषों पर हमला करने के पक्षधर नहीं थे।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-

(क) इस एकांकी से हमको अनेक जीवन मूल्य सीखने को मिलते हैं जैसे अपनी माता का कहना मानना किसी स्त्री पर हाथ नहीं उठाना वीरता ,दृढ़ता एवं साहस को बनाए रखना, रणनीति बनाकर शत्रु का सामना करना आदि।

(ख) शिवाजी का उद्देश्य लूटमार और मार काट नहीं था उनका मूल्य उद्देश्य अपनी मातृभूमि को मुगलों के चंगुल से मुक्त कराना था। इसलिए वह नहीं चाहते थे कि उनकी वजह से किसी निर्दोष व्यक्ति की जान जाए।

(ग) हां ,हम यह मानते हैं कि शिवाजी का निर्णय नारी सम्मान की दृष्टि से उचित था क्योंकि उन्होंने पालकी पर किसी भी प्रकार का हमला करने से सैनिकों को पहले से ही रोक दिया था।

(घ) यदि हम शिवाजी की जगह होते तो हम भी इसी तरह का व्यवहार करते क्योंकि प्रत्येक देशभक्त अपने देश पर किसी तरह की आंच नहीं आने देता और ना ही किसी को भी बिना कारण मारता है भारतीय संस्कृति महिलाओं का सम्मान करना सिखाती है।

पठित गद्यांश

क)यदि इस पालकी में हथियार न होकर वास्तव में कोई स्त्री बैठी होगी तो माता के आदेश का उल्लंघन होगा।

ख) शिवाजी की माता जीजाबाई थी।

ग)'मित्रों' शब्द का प्रयोग शिवाजी ने अपने साथियों के लिए किया है।

घ)इन पंक्तियों में शिवाजी का यह गुण प्रकट होता है कि वह मातृभक्त है तथा स्त्रियों का सम्मान करना जानते हैं।